

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "PMAY(U) ने सच किया सपना, बन गया 'खुशियों का आशियाना'"



चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र निवासी शीला देवी, पति स्वर्गीय सुबोध कुमार मिस्त्री प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की एक लाभुक हैं। वह एक गरीब परिवार की महिला हैं। उनके पति एक दिहाड़ी मजदूर थे। उनकी अल्प आय उनका अपना 'पक्के का मकान' बनाने के लिए अपर्याप्त थी। ऐसे में वे घर बनाने का सिर्फ सपना ही देख सकते थे। मगर इस सपने को साकार किया सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ने। इस बारे में शीला देवी काफी भावुक होते हुए बताती हैं कि उनके पति को PMAY (U) योजना के बारे में जब पता चला, तो वे चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और इस योजना के तहत अपने पक्का मकान के लिए तुरंत आवेदन किया। वह आगे बताती हैं कि आज भी मुझे वो दिन याद है जब मेरे पति ने खुशी की मुद्रा में अचानक मेरे पास आकर मुझे इस बात की खुशखबरी देकर आश्चर्यचकित किया कि हमारा नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुक के रूप में चयनित हो गया है और अब हमारा भी अपने 'घर का सपना' अब सच होने जा रहा है। अब हमारा अपना पक्का घर होगा, यानि हमारा 'खुशियों का आशियाना'। अंततः हमें चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यालय से PMAY (U) के तहत चार किश्तों में रु. 2,25,000/- की राशि प्राप्त हुई। सुबोध कुमार मिस्त्री आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी मेहनत व सरकार की मदद से उनके सपनों का अपना घर बनकर तैयार हो गया है, जिसके लिए उनकी पत्नी शीला देवी ने केंद्र व राज्य सरकार के साथ-साथ अपने वार्ड पार्षद तथा चक्रधरपुर नगर परिषद के पदाधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA